गृह मंत्रालय

# केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने आज गुजरात के अहमदाबाद में ₹36 करोड़ की लागत से बने 30 स्मार्ट स्कूलों का ई-लोकार्पण किया

## प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा लाई गई नई शिक्षा नीति 2020 के तहत स्मार्ट स्कूल की परिकल्पना के अंतर्गत स्मार्ट स्कूल बनाये गये हैं

## 30 स्मार्ट स्कूलों के लोकार्पण से 10 हजार से अधिक बच्चों को नई शिक्षा नीति का सीधा फायदा मिलेगा और उनके जीवन में शिक्षा का प्रकाश फैलेगा

## प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने योग और इसकी शक्तियों का पूरे विश्व में प्रचार-प्रसार करने का काम किया है

## मोदी जी ने योग के माध्यम से विश्व कल्याण का रास्ता पूरी दुनिया के सामने प्रशस्त किया है

## लोक सभा चुनावों के बाद पहली बार गुजरात आए गृह मंत्री और गांधीनगर के सांसद का पहला कार्यक्रम समाज के गरीब वर्ग के बच्चों के लिए समर्पित

प्रविष्टि तिथि: 21 JUN 2024 8:35PM by PIB Delhi

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने आज गुजरात के अहमदाबाद में 30 स्मार्ट स्कूलों का ई-लोकार्पण किया। इस अवसर पर गुजरात के मुख्यमंत्री श्री भूपेन्द्र पटेल सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।




अपने संबोधन में श्री अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा लाई गई नई शिक्षा नीति 2020 के तहत अहमदाबाद म्युनिसिपल स्कूल बोर्ड द्वारा 36 करोड़ रूपये की लागत से निर्मित 30 स्मार्ट स्कूलों का आज लोकार्पण हुआ है। उन्होंने कहा कि इनमें घाटलोडिया विधानसभा में 9 स्मार्ट स्कूल, वेजलपुर विधान सभा क्षेत्र में 10, नारणपुरा में चारऔर साबरमती में सात स्मार्ट स्कूल का लोकार्पण आज हुआ है। उन्होंने कहा कि इन 30 स्मार्ट स्कूलों के लोकार्पण से 10 हजार से अधिक बच्चों को नई शिक्षा नीति का सीधा फायदा मिलेगा और उनके जीवन में शिक्षा का प्रकाश फैलेगा। श्री शाह ने कहा कि गांधीनगर लोक सभा क्षेत्र के कुल 69 में से 59 स्कूल स्मार्ट स्कूल बन गए हैं और जो स्कूल बचे हैं वो भी जल्द ही स्मार्ट स्कूल में परिवर्तित हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि इन स्मार्ट स्कूलों के पाठ्यक्रम में स्किल डेवलपमेन्ट, वोकेशनल ट्रेनिंग, डिजिटल एम्पावरमेन्ट को शामिल किया गया है। इसके साथ ही गणित, विज्ञान प्रयोगशालाएं, फ्यूचर क्लासरूम, थ्री-डी एजुकेशनल चार्ट, थ्री-डी पेन्टिंग और भारतीय संस्कृति के सारे पहलुओं का अभ्यास भी सम्मिलित किया गया है।




केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने कहा कि 2024 के लोक सभा चुनावों के बाद आज पहली बार वे गुजरात आए हैं और मंत्री और सांसद बनने के बाद यहां उनका पहला कार्यक्रम समाज के निम्न और गरीब वर्ग के बच्चों के लिए आयोजित किया गया है। उन्होंने कहा कि गांधीगनर लोक सभा क्षेत्र के मतदाताओं का उन पर सांसद के रूप में भरोसा करने के लिये वे हमेशा गांधीनगर की जनता के ऋणी रहेंगे और आनेवाले पांच साल गांधीनगर के हर क्षेत्र की प्रगति और विकास के साथ सबसे विकसित संसदीय क्षेत्र बनाने के प्रति कटिबद्ध रहेंगे।



श्री अमित शाह ने कहा कि आज से 10 साल पहले 2014 में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी संयुक्त राष्ट्र महासभा में प्रस्ताव रखा था कि 21जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाया जाना चाहिए । उन्होंने कहा कि मोदी जी के इस प्रस्ताव का दुनिया के लगभग 170 देशों ने समर्थन किया और पिछले 10 साल से हर वर्ष 21 जून को पूरा विश्व हमारे ऋषि-मुनियों की देन योग का अंतर्राष्ट्रीय दिवस मना रहा है। उन्होंने कहा कि दुनिया के करोड़ों लोगों ने योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाया है।



केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि हमारे ऋषि मुनियों द्वारा बताए गये योग के माध्यम से व्यक्ति के शरीर, मन और आत्मा का परमेश्वर तक के जुड़ाव को, ध्यान, आसन, प्राणायाम जैसी लौकिक क्रियाओं के माध्यम से सिद्ध किया जाना संभव है। उन्होंने कहा कि मन की अगाध शक्तिओं के समुद्र में गोता लगाने की शक्ति योग से ही मिल सकती है। श्री शाह ने कहा कि योग और इसकी शक्तियों का पूरे विश्व में प्रचार-प्रसार करने का काम प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने किया है। उन्होंने कहा कि 21 जून को भगवान सूर्य पूरी पृथ्वी पर जहां-जहां उदय होते जाते हैं, वहां लोग मन, शरीर और आत्मा के बीच एकात्म साधने का काम योग के माध्यम से आरंभ करते हैं।




श्री अमित शाह ने कहा कि आज अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के दिन हमें प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का आभार प्रकट करना चाहिए कि उन्होंने योग के माध्यम से विश्व कल्याण का रास्ता पूरी दुनिया के सामने प्रशस्त किया। उन्होंने कहा कि गुजरात सरकार ने भी योग को प्रोत्साहन देने के लिए कई प्रयास किए है और इसके लिए बोर्ड का गठन, पाठ्यक्रम में स्थान देने जैसे कई कार्य किए हैं।

*****

**आरके / वीवी / आरआर / पीआर**

(रिलीज़ आईडी: 2027772) आगंतुक पटल : 126

इस विज्ञप्ति को इन भाषाओं में पढ़ें: English , Urdu , Marathi , Gujarati , Tamil